Bareilly, Tuesday, 4 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
HAPPY SAWAN
inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला आरंभ

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 July): 21वें स्थापना दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला आरंभ हुआ. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने रिबन काट कर मेले का इनॉग्रेशन किया. मेले में आए बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी तकलीफों को भी समझा. उन्होंने कहा कि युवाओं के मुकाबले बुजुर्गों को ज्यादा बीमारियों का सामना करना पड़ता है.

चेयरमैन देवमूर्ति ने रिबन काटकर किया इनॉग्रेशन.

फ्री दिया परामर्श

स्वास्थ्य संबंधी तकलीफें उन्हें ज्यादा होती हैं. इसी कारण इस बार स्वास्थ्य मेला विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए समर्पित है और इसीलिए इसका नाम वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ मेला रखा गया है. ऐसे में ज्यादा से ज्यादा बुजुर्गों को खुद को स्वस्थ रखने के लिए मेले का लाभ उठाना चाहिए. स्वास्थ मेला के दौरान मेडिकल कॉलेज स्थित मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित परिचर्चा में डॉ. शशिबाला आर्य, डॉ. मृदु सिन्हा ने मरीजों और उनके तीमारदारों को रजोनिवृत्ति संबंधी दिक्कतों और सर्विक्स के कैंसर के संबंध में जानकारी दी. इसका संचालन डॉ. सबा सरीफ ने किया. इस मौके पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि तीन जुलाई से 8 जुलाई तक चलने वाले इस स्वास्थ्य मेला में बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन और परामर्श निशुल्क प्रदान किया. इसके साथ ही शुगर, हीमोग्लोबिन, क्रिटिनिन, ईसीजी, एक्स- रे (चेस्ट), हड्डियों की जांच (बीएमडी), श्रवण शक्ति की जांच (ऑडियोमैट्री), पैप स्मियर, आंखों की जांच, मोतियाबिंद एवं ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग भी फ्री की जा रही है. अन्य जांचों पर भी बुजुर्गों को 25 फीसद की छूट मिल रही है. इस मौके पर कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी व डॉ. स्मिता आदि रहीं.